विचारार्थ विषय

परियोजना एसोसिएट - बाल स्वास्थ्य प्रभाग / (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतया संविदात्मक आधार पर उपर्युक्त पद के लिए योग्य अभ्यार्थियों से से आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व:

- राष्ट्रीय स्तर पर बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की मॉनिटरिंग में प्रभाग को सहायता प्रदान करना।
- राज्य प्रगति रिपोर्ट तैयार करने और कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए तथ्य पत्र तैयार करने के लिए प्रभाग को सहायता प्रदान करना।
- डेस्क समीक्षा, कार्यशाला, बैठक इत्यादि आयोजित करने में प्रभाग को सहायता प्रदान करना।
- टी ओ आर से संबंधित बैठकों के कार्यवृत्त को प्रलेखित करने तथा बैठक के दौरान सम्मत कार्य बिंदुओं पर नियमित अनुवर्ती कार्रवाई करने में सहायता प्रदान करना।
- कार्यक्रम के संबंध में नियमित प्रगति रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए राज्यों के अधिकारियों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- इस प्रभाग के अंतर्गत कार्यक्रम संबंधी गतिविधियों के संबंध में सूचना एकत्र करने उसका मिलान करने तथा विश्लेषण करने के लिए प्रयोक्ता अनुकूल साधन तैयार करना।
- कार्यक्रम की मॉनिटरिंग और मूल्यांकन के लिए राज्यों के फील्ड दौरे करना।
- राष्ट्रीय स्तर पर डाटा को समेकित करना, रिकॉर्ड करना, सूचित करना और विश्लेषित करना।
- प्रेजेंटेशन के लिए प्रेजेंटेशन स्लाइड तैयार करने में मदद करना।
- पत्र, पत्राचार, सरकारी मेल आदि तैयार करने में मदद करना।
- डाटा को सरकारी रिपोर्टों और एप्लीकेशन में शामिल करने तथा इन्हें कार्रवाई के लिए इस्तेमाल करने में स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की मदद करना।
- पर्यवेक्षक द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य/गतिविधि निष्पादित करना।
- उपर्युक्त सभी कार्य को समयबद्ध तरीके से निष्पादित करना।

पात्रता:

- डाटा प्रबंधन में निपुणता के साथ किसी भी विषय में स्नातक।
- आर सी एच कार्यक्रम के समेकन करने, विश्लेषण करने और मॉनीटरिंग करने में राष्ट्रीय स्तर पर कम से कम 5 से 8 वर्ष का अनुभव।
- कंप्यूटर एप्लीकेशन मुख्यतया एमएस ऑफिस में प्रवीणता एवं इसकी पूर्ण जानकारी होना। भारत सरकार में कार्य करने की जानकारी होना अतिरिक्त विशेषता होगी।
- हिंदी लिखने और पढ़ने की जानकारी होना तथा हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान होना अपेक्षित है।

- राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर आरसीएच/ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्य करने का अनुभव प्राप्त अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- औपचारिक शैक्षिक योग्यता, अनुभव और उम्र में तब छूट दी जा सकती है जब उच्च गुणवत्ता लेख प्रकाशित किया गया हो अथवा जब विशिष्ट प्रासंगिकता के काम करने का अनुभव हो।

आयु: दिनांक 1/4/2016 को अधिकतम आयु 45 वर्ष।
पारिश्रमिक: 55,000/ - रुपए से 70,000/ - रुपए प्रति माह ।
स्थान: दिल्ली

आवेदन दिनांक 04.06.2016 को अपराह्न 4:00 बजे तक ई-मेल **pa.chd@nhsrcindia.org** पर या डाक द्वारा / दस्ती रूप में एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचडब्ल्यू कैंपस, बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 को अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

टिप्पणी:

- अपने जीवन-वृत्त में आयु, डिग्री उत्तीर्ण करने का वर्ष, वर्तमान और पिछले नियोजन की तिथि का उल्लेख करना अनिवार्य है, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया लिफाफे पर (डाक द्वारा भेजने पर) आवेदित पद और सबजेक्ट-लाईन (ई-मेल द्वारा भेजने पर) का उल्लेख करना सुनिश्चित करें, जिसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करता है तो उसे प्रत्येक पद के लिए अलग से, टीओआर में उल्लिखित अनुसार विशेष ई-मेल पते पर, जीवन-वृत्त भेजना होगा।